नई व्यवस्था | जून-जुलाई सत्र से ऑनलाइन और ऑफलाइन मैनेजमेंट प्रोग्राम होगा शुरू

अब घर बैठे मैनेजमेंट का पाठ पढ़ाएगा आइआइएम

रायपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

अखिल भारतीय प्रबंधे संस्थान (आइआइएम) से अब आप घर बैठे मैनेजमेंट की पढ़ाई कर पाएंगे। जून-जुलाई से शुरु होने वाले नए सत्र में ऑनलाइन मैनेजमेंट प्रोग्राम शुरु होगा। प्रोग्राम को खासतौर पर उन लोगों के लिए तैयार किया गया है जो टेक्निकल रूप से एक्सपर्ट हैं, लेकिन मैनेजमेंट का नॉलेज नहीं है।

संस्थान ने ऐसे लोगों को ध्यान में रखकर प्रबंधन का कोर्स शुरु किया है। इसमें वैज्ञानिक से लेकर बड़े विभागों के अधिकारी भी मैनेजमेंट सिख पाएंगे। नए सत्र से कोर्स को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड पर प्रारंभ करने की तैयारी की जा रही है। इस कोर्स में मैनेजमेंट के सभी तरीकों को विस्तार से सिखाया जाएगा।

टेक्निकल एक्सपर्ट भी बन जाएंगे मैनेजमेंट एक्सपर्ट

ऐसे संचालित होगा कोर्स

संस्थान में मैनेजमेंट प्रोग्राम की तरह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही कोर्स संचालित किए जाएंगे। इसमें देशभर से कोई भी व्यक्ति शार्ट टर्म कोर्स के लिए अप्लाई कर सकता है। इसमें पांच दिन से लेकर दो माह तक कोर्स संचालित किए जाएंगे। ऑफलाइन कोर्स में आवेदन करने वालों को परिसर में ही मैनेजमेंट विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

ऐसे मिलेगा मैनेजमेंट का ज्ञान : संस्थान के सभी प्रोफेसर आवेदनकर्ताओं के चयन के बाद मैनेजमेंट के सभी विषयों को ऑनलाइन पढ़ाएंगे। इसमें पांच विषयों को विशेष तौर पर पढ़ाया जाएगा। कार्य करने में आ रही दुविधा को भी दूर किया जाएगा।

बढ़ेगा आइआइएम का रेवेन्यू : देश के पुराने आइआइएम का 50 फीसद रेवेन्यू मैनेजमेंट प्रोग्राम से आता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर आइआइएम रायपुर ने भी इन प्रोग्राम को संचालित करने का निर्णय लिया है। इन प्रोग्रामों से अकांउट, डाटा एनालिसेस, स्ट्रेटजी मार्केटिंग, ब्रांड मैनेजमेंट का एक्सपर्ट बनाया जाएगा।

> आगामी सत्र से ऑनलाइन और ऑफलाइन शार्ट टर्म मैनेजमेंट प्रोग्राम संचालित किए जाएंगे। इसमें पांच दिन से लेकर दो माह तक के कोर्स संचालित किए जाएंगे। साथ ही इससे संस्थान का रेवेन्यू भी बढ़ेगा।
>
> **डॉ. जागरूक दावरा** जनसंपर्क अधिकारी आइआइएम रायपुर

Naidunia, 27th April 2019,P.07